Newspaper : Denik Jagran
Edition: Aligarh | Date: 20th November, 2018 | Pg. 10

इस स्कूल का शुल्क सिर्फ एक पौधा

गौरव डुडेजा, इटावा : जान कर हैरानी होगी कि एक स्कूल ऐसा भी है, जहां बच्चे की फीस एक पौधा होती है, बदले में सालभर मुफ्त शिक्षा के साथ किताबें, यूनिफार्म व स्वेटर भी दिया जाता है। हम बात कर रहे हैं, बकेवर के दाउदपुर लखना गांव में बृजेश त्रिपाठी के स्कूल की। पर्यावरण प्रेमी बृजेश अपने स्कूल में बालिकाओं को कक्षा एक से चार तक निश्शुल्क शिक्षा देते हैं। बेहतर पढ़ाई के चलते जब भी कोई अभिभावक उनके पास प्रवेश के लिए आते हैं तो प्रवेश की पहली और आखिरी शर्त पौधा लगाने और उसके संरक्षण की होती है। बृजेश बताते हैं कि दो वर्षों में उनके स्कूल में 40 छात्राओं ने प्रवेश लिया। वह उनके अभिभावकों से 40 पौधे लगवाकर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दे चुके हैं। अगर वे सुरक्षा नहीं करेंगे तो बच्चों का स्कूल से नाम काट दिया जाएगा। वहीं अगले साल की पढ़ाई भी वे तभी बच्चे की आगे बढ़ाते हैं जब उसके पौधे का निरीक्षण कर लेते हैं। इस दौरान वे पौधे की फोटो खींचकर ले आते हैं।